हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 गर्दनपाट धाम और लुचकी घाट काली मंदिर का भूमिपूजन




## खबर संक्षेप

### सीएम साय 9 को सरगुजा में, किसान सम्मेलन में होंगे शामिल



**अम्बिकापुर।** जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लुण्ड्रा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत लुण्ड्रा के छत्रपति शिवाजी मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसान सम्मेलन तथा जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री सरगुजा ओपी चौधरी, पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कृष्णा पावले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कंचन जायसवाल एवं लुण्ड्रा के सरपंच सोमार साय होंगे।

### तलवार लहराने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले युवक को बसदेयी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



युवक ग्राम कुसमुसी स्थित अटल चौक पर तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी राह चलते लोगों को तलवार दिखाकर भयभीत कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे काबू में किया। आरोपी की पहचान अंकित तिवारी के रूप में की गई है तथा पुलिस ने उसके पास से एक तलवार बरामद की है। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सड़क दुर्घटना में मृत युवक की हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** भकुरा नवापारा निवासी मनीष राजवाड़े आ. भूनेश्वर (21 वर्ष) सोमवार को अपने साथी रामराज व हरि शंकर के साथ मजदूरी करने आया था। शाम को तीनों एमजीरोड की ओर जा रहे थे और जैसे ही पीजी कॉलेज के समीप पहुंचे तभी दुर्घटना गस्त हो गए। दुर्घटना में मनीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामराज व हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## घटना के बाद भी नहीं हटाया गया वाहन

# एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- फिर से एक बाइक सवार हुआ दुर्घटना का शिकार, आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

सरगुजा में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन में तोड़फ़ोड़ की। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद भी ट्रक को हटाया नहीं गया और एक बार फिर एक बाइक सवार खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसके बचने की संभावना कम है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर चक्का जाम कर दिया और जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर रजपुरी कला के समीप एक सीमेंट लोड ट्रक को चालक द्वारा बेतरतीब तरीके से खड़ा किया गया था। एनएच पर उक्त स्थान पर पहले से ही अंधेरा था इसके साथ ट्रक में पार्किंग लाइट नहीं जल रही थी इसके साथ ही कोई भी संकेतक नहीं था। ऐसे में एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंधला निवासी 25 वर्षीय अरुण सिंह आ. परशुराम सिंह के रूप में की गई जो अंधला से अंबिकापुर की ओर अपने किसी रिस्तेदार के घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रजपुरी के समीप वह सीधे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का चक्का टूट गया और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर जमकर विरोध प्रदर्शन और हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ट्रक में जमकर पत्थर भी चलाए और तोड़फोड़ की। देर शाम 11 बजे हुई घटना के बाद घंटों मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। पुलिस के आश्वासन के बाद आंदोलन शांत हुआ था।



वाहन में तोड़फोड़ करते लोग।



क्षतिग्रस्त बाइक।

### बड़ी लापरवाही के कारण फिर खतरे में जान

बीती रात बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत के बाद बड़ी लापरवाही सामने आई। जिस ट्रक से टकराकर युवक की मौत हुई उसे घटना स्थल से हटाया नहीं गया और ना ही संकेतक या सुरक्षा के कोई उपाय किए गए। परिणाम यह हुआ कि मंगलवार की शाम एक अन्य बाइक सवार उसी ट्रक से टकरा गया। इस घटना में युवक के मौत की बात भी कही जा रही है लेकिन फिलाहल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है लेकिन उसकी हालत नाजुक है। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एक बार फिर से एनएच पर चक्का जाम कर दिया। लोगों द्वारा मामले में कार्रवाई और मुआवजा की मांग की जा रही है। सूचना के बाद थाना प्रभारी संपत पोटाई समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है और ग्रामीणों को समझाने प्रयास जारी था।

#### दो दिन से खड़ा है ट्रक

बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक पिछले दो दिन से एनएच पर खड़ा था। एनएच पर बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा करने का या कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी बेतरतीब भारी वाहनों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं लेकिन इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभाविप ने घेरा डीईओ कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक, कहा-नहीं बना सकते चुनिंदा दुकानों से कॉपी-किताब लेने का दबाव

निजी स्कूलों की मनमानी, फीस वृद्धि के साथ ही चुनिंदा दुकानों से ही कॉपी किताबें, गणवेश खरीदने को लेकर की जा रही बाध्यता के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया। अभाविप ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के साथ ही जमकर नारेबाजी की। इधर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी मंगलवार को जिले के निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक के दौरान यह निर्देश दिए गए कि बच्चों और अभिभावकों को चुनिंदा दुकानों से कॉपी किताब, गणवेश खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

बता दें कि जिले में संचालित निजी स्कूलों की मनमानी चरम पर है। स्कूल प्रबंधन द्वारा किताबों के साथ ही कॉपी, गणवेश के लिए कुछ विशेष कम्पनियों, दुकानों के साथ मिली भगत की गई है। इसके तहत दुकान में सिर्फ उसी प्राइवेट पब्लिकेशन की कॉपी-किताबें ही बिकेंगी। इसके साथ ही बच्चों के गणवेश की बिक्री भी कुछ निर्धारित दुकानों में ही की जाती है। इन दुकानों में भी अभिभावकों से अनाप शनाप राशि वसूली जाती है। बड़ी बात तो यह है कि अभिभावक या बच्चे चाहकर भी दूसरी सामान्य किताब, कॉपी नहीं खरीद सकते। ऐसा करने पर स्कूल में बच्चों और अभिभावक पर दबाव बनाया जाता है और आरोप है कि उनकी बैग को भी चेक किया जाता है। वहीं अब स्कूलों में बेतरतीब तरीके से फीस वृद्धि की जा रही है और आरटीई नियमों का पालन भी कई स्कूलों में नहीं होता है। इन समस्याओं को लेकर ही अभाविप ने डीईओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान डीईओ ने भी प्रदर्शनकारियों को उचित पहल और कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### डीईओ ने ली बैठक, जारी किया आदेश

निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने सभी निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक के दौरान यह निर्देश दिया गया कि कोई भी स्कूल बच्चों और अभिभावकों को विशेष दुकान या पब्लिकेशन की पुस्तक, कॉपी या गणवेश खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीईओ श्री झा ने निजी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के पालकों से आह्वान किया है कि जिन अभिभावकों के बच्चे सरगुजा जिले के किसी भी निजी या अनुदान प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत है तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी दुकान विशेष से पाठ्यपुस्तकों या यूनिफार्म की खरीदी किये जाने हेतु बाध्य किया जा रहा है, तो इसकी लिखित सूचना तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अम्बिकापुर को देवें, जिससे यथा समय उचित कार्रवाई की जा सके।

## दम्पती का रास्ता रोककर मारपीट, महिला की अस्पताल जाते समय मौत

- लखनपुर थाना क्षेत्र के अंधला में हुई घटना, संदिग्ध मौत की जांच जारी

**अंबिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र के अंधला में बाइक से वापस लौट रहे दम्पति के साथ रास्ता रोककर मारपीट का मामला सामने आया है। परिवार ने चार लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही गई है जबकि पुलिस का कहना है कि महिला की मौत सड़क दुर्घटना में हुई। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम अंधला निवासी 40 वर्षीय कपिल दास सोमवार की शाम पत्नी 38 वर्षीय निर्मला दास के साथ बाइक से बगदरी गांव गया हुआ था। दोनों रात को वापस लौट रहे थे। कपिल दास के अनुसार अंधला माझापारा में अचाकर ही चार लोगों ने उन्हें रोका और डंडे, रॉड से हमला आकर दिया। लोगों ने बीच बचाव करने आगे आई महिला निर्मला दास पर भी हमला किया। दोनों की बेदम पिटाई की गई जिससे वे बेहोश हो गए। घटना के बाद हमलावर भाग निकले। इधर घायल अवस्था में पड़े हुए दम्पति ⏭ शेष पेज 4 पर

### जांच में नहीं हो रही मारपीट की पुष्टि

अंधला में हुई इस घटना की सूचना के बाद लखनपुर पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। हालांकि थाना प्रभारी संपत पोटाई का कहना है कि इस मामले की जांच चल रही है लेकिन फिलहाल मारपीट के कोई सबूत नहीं मिले है। परिवार के लोगों ने भी पहले दुर्घटना की जानकारी दी थी और अब फिर मारपीट की शिकायत की। एफएसएल की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है और पीएम रिपोर्ट में भी मारपीट की बात सामने नहीं आई है।

# शादी के पारम्परिक कार्यक्रम बिहाव मंगाई में शामिल होने गया युवक खून से लथपथ लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

- इलाज के दौरान हुई मौत

जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करतमा सेमर तालाबपारा में शादी के एक पारंपरिक बिहाव मंगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया एक युवक देर रात खून से लथपथ हालत में घर पहुंचाया गया जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं परिजन उसकी हत्या होने की आशंका जता रहे हैं।

मृतक की पहचान 42 वर्षीय समर साय यादव पिता स्व. गंगाराम यादव के रूप में हुई है। बताया गया कि सोमवार शाम वह अपने ही गांव के बरपारा में आयोजित बिहाव मंगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम में सब कुछ सामान्य नजर आ रहा था। लेकिन देर रात के अंधेरे में घायल हालत में घर पहुंचाया गया। परिजन के मुताबिक रात करीब 11 से 12 बजे के बीच जनेऊधारी नामक व्यक्ति समर साय यादव को गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसके घर छोड़कर चला गया था। उस वक्त युवक के सिर से खून बह रहा था और उसकी हालत बेहद नाजुक थी। परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही स्थिति बिगड़ती चली गई। घबराए परिजन तत्काल युवक को अंबिकापुर अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर रायपुर के लिए निकले, लेकिन बिलासपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में समर साय ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि युवक के सिर पर किसी धारदार हथियार से गहरी चोट लगी थी यही वजह है कि इस मामले में हत्या की आशंका और भी प्रबल हो गई है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिजन सदमे में हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह महज हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हमला प्रतीत होता है।



मृतिक समर साय यादव।

# आमगांव खदान के सबएरिया मैनेजर पर ग्रामीणों ने गुलेल से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

- ग्राम पटना पहुंच मार्ग पर नवीन सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान में चल रहे नवीन सड़क निर्माण कार्य देखने गए सब एरिया मैनेजर विजय कुमार को मौके पर विरोध कर रहे ग्रामीणों ने गुलेल के पत्थरों से हमला कर दिया जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें चेहरे व होंठ में गंभीर चोट लगी है। घटना मंगलवार की दोपहर साढ़े बारह से एक बजे के बीच की बताई जा रही है।

बताया गया कि पटना सरपंच के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण पटना पहुंच मार्ग के निर्माण का विरोध करने पहुंचे। प्रबंधन के मुताबिक उक्त भूमि अधिग्रहित की हुई भूमि और शेष शासकीय भूमि है जिस पर शासन से अनुमति प्राप्त की हुई है, इस कारण से पुरानी सड़क को बंद कर पटना पहुंच मार्ग के लिए करीब 600 मीटर लम्बा नवीन रास्ता का निर्माण कराया जाना है। इसी भूमि पर कार्य शुरू कराने जब आमगांव सब एरिया मैनेजर विजय कुमार मौके पर पहुंचे तो पटना सरपंच की अगुवाई में ग्रामीण विरोध करने लगे और देखते-देखते बढ़ते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। इसी दौरान सरपंच की तरफ से पहुंचे ग्रामीणों ने सब एरिया मैनेजर पर गुलेल से कई पत्थर चला दिए। गुलेल से हुए हमले में सब एरिया मैनेजर को होंठ और चेहरे में चोटे आई है। बताया गया कि चोट लगने के बाद जब वह खून से लथपथ हाल में गिर गए। तब भी ग्रामीणों ने उनके साथ हाथापाई की है। बाद में बीच बचाव कर साथी कर्मियों ने उन्हें वाहन में बैठाकर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उन्हें होंठ के ऊपर छह से सात टांके लगे हैं। घटना के बाद से मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जाता है कि आमगांव खदान के विस्तार में पटना की करीब 9 सौ एकड़ भूमि का प्रबंधन ने अधिग्रहण किया है। यहां 464 भू स्वामियों को रोजगार देने के लिए चिन्हित किया गया है। प्रबंधन ने खदान संचालन के लिए भूमि सहित ग्रामीणों की परिसंपत्तियों का करीब 90 प्रतिशत मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया है साथ ही अब तक 2 सौ लोगों को कंपनी में नौकरी भी दी जा चुकी है।

इन सब के बावजूद पटना सरपंच विमला देवी द्वारा गिनती के समर्थकों को लेकर अक्सर खदान संचालन में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता रहा है। बताया जाता है कि अकेले सरपंच के परिवार से आधा दर्जन लोगों को कंपनी ने भूमि अधिग्रहण के एवज में नौकरी और बड़े रकम की मुआवजा राशि का भुगतान किया है। प्रबंधन ने बताया कि कुछ मामले पारिवारिक विवाद के कारण सिविल कोर्ट में उनकी सुनवाई चल रही है इस कारण नौकरी और मुआवजा के प्रकरण रुके हुए हैं। कोर्ट से फैसला आने के बाद संबंधित भू स्वामियों को उनका हक तत्काल कंपनी उपलब्ध ⏭ शेष पेज 4 पर



घटना स्थल पर ग्रामीणोंकी भीड, इनसेट में घायल।

## आईजी, एसपी ने की 35 हजार के नगद इनाम की घोषणा, कांग्रेस ने साधा निशाना

# फरार आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी, लोगों ने निकाला शहर में कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच सद्भावना चौक पर महिला से दुष्कर्म के बाद उसकी बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है तो वहीं दूसरी ओर गिरफ्तारी में देरी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को घटना के विरोध, आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से कैंडल मार्च निकाला गया। रैली शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए सद्भावना चौक पहुंची जहां मृतिका को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा की भाजपा सरकार के विगत ढाई वर्ष के कार्यकाल में महिला अपराधों के साथ ही साथ नशे के कारोबार में वृद्धि हुई है। महामाया प्रवेश द्वार की घटना कोई पहली घटना नहीं है। सत्ता के संरक्षण में प्रदेश में अफीम की खेती हो रही है। विधानसभा में दी जाने वाली जानकारी में सरकार ड्रग पैडलरों के नाम छुपा रही। नतीजतन नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने अपराधों विशेष रूप से महिलाओं ⏭ शेष पेज 4 पर




### आईजी, एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

इधर हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल द्वारा साइबर सेल के साथ ही कोतवाली, मणिपुर व फॉरेंसिक की टीम का गठन किया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जगह जगह छापेमारी कर रही है। एसएसपी श्री अग्रवाल स्वयं क्षेत्र में निकलकर लोगों से सूचनाएं एकत्र करने का काम कर रहे है। इस बीच आरोपी की गिरफ्तारी के आईजी और एसपी ने इनाम की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि आरोपी जिसका हुलिया रंग सांवला, उंचाई लगभग 5 फीट 4 इंच, बाल घुंघराले लम्बे, शरीर पतला हल्का, काला दाढ़ी व मूंछ, शरीर में हल्का गुलाबी शर्ट एवं नीला जींस पहना हुआ है जिसमें नीला रंग का गमछा बांधा हुआ एवं पीठ पर एक झोला लटकाया हुआ है। आरोपी की तलाशी में सफलता नहीं मिलने पर आईजी दीपक झा ने 30 हजार रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। इसके साथ ही एसएसपी राजेश अग्रवाल ने 5 हजार के नगद इनाम की घोषणा की है। आईजी, एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की सूचना देने वाली की जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा।


WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स सख्त सतत निगरानी के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की, जो समय-सीमा की बैठक के पश्चात संपन्न हुई। बैठक में मुख्य एवं गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान विभागवार प्रगति का आंकलन करते हुए कमियों को दूर करने और कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिल में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 तक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में आदिवासी विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक और कैरियर भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर (आदिवासी विकास) कार्यालय द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित निजी आवासीय शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क अध्ययन के लिए विद्यार्थियों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देना है। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर उनकी पढ़ाई का संपूर्ण खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा।

### बिजुरी स्टेशन पर शुरू हुई निःशुल्क प्याऊ सेवा

**बिजुरी।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनूपपुर जिले के बिजुरी रेलवे स्टेशन परिसर में निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों और राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समस्या अक्सर सामने आती है। ऐसे में संस्था की यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। प्याऊ स्थल पर मटकों में ठंडा और स्वच्छ पानी रखा गया है, साथ ही समय-समय पर पानी भरने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### 10 हजार लोग पानी को तरसे, 15 दिन में समाधान का वादा

# जल संकट पर सड़क जाम: गोदरीपारा में उग्र प्रदर्शन



सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते वार्डवासी व महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में गहराते जल संकट ने मंगलवार को उग्र रूप ले लिया। गोदरीपारा बड़ी बाजार मुख्य मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने चक्का जाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पानी हमारा अधिकार है के नारों के बीच महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। एकता नगर में नगर निगम के सात पार्षदों के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में लोगों का गुस्सा साफ झलक रहा था।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में बीते कई दिनों से पानी की भारी किल्लत है। पाइपलाइन बिछने के बावजूद नियमित जल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, जिससे लोग पानी खरीदने या दूर से लाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी सरोज खटीक ने बताया कि कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा, वहीं सविता सिंह ने कहा कि सप्ताह में एक बार भी सही तरीके से पानी नहीं मिलता और जब आता है तो महज 10-15 मिनट के लिए। नीली पाल ने कहा कि इस संकट का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पार्षद राहुल भाई पटेल के अनुसार वार्ड 26, 27, 30, 31, 32, 33 और 34 के करीब 10 हजार से अधिक लोग लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। पार्षद शनि चौहथा ने आरोप लगाया कि नगर निगम और एसईसीएल अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं दे पाए हैं, जिसके कारण लोग टैंकरों पर निर्भर हैं और कई जगह 8-9 दिनों में एक बार बेहद कम दबाव से पानी मिल रहा है। घंटों चले चक्का जाम के बाद प्रशासन हरकत में आया। तहसीलदार समीर शर्मा की मौजूदगी में पीएचई, नगर निगम और एसईसीएल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। वार्ड 31 की पार्षद संध्या सोनवानी ने बताया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन जल आपूर्ति और समय बढ़ाने पर सहमति बनी है, साथ ही लंबित पाइपलाइन कार्य जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया।



मौके पर उपस्थित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन अभियंता बसंत जायसवाल ने बताया कि बड़ी बाजार ओवरहेड टैंक से जल आपूर्ति को लेकर विवाद सुलझा लिया गया है और अतिरिक्त लाइन जोड़कर सप्लाई सुचारू की जाएगी। उन्होंने 15 दिनों के भीतर व्यवस्था सुधारने का भरोसा दिलाया। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि तय समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

### घटना कारित वाहन में पशु तस्करी का अंदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के विकासखंड सोनहत के वनांचल क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नया मोड़ ले लिया है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीपानी बस्ती से लगभग 1 किमी दूर मुख्य सोनहत-रामगढ़ मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक एमपी 66 एच 1487 ने पैदल जा रहे अजमेर सिंह और उसके भाई महिपाल सिंह को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अजमेर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल महिपाल सिंह का इलाज जारी है। घटना के बाद वाहन को लेकर कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। सूत्रों के अनुसार उक्त वाहन पिछले 15 दिनों से उग्यांव क्षेत्र में सक्रिय था और उसमें गोबर व पशु चारा पाया गया, इससे आशंका जताई जा रही है कि वाहन का उपयोग पशु तस्करी में किया जा रहा था। जानकारी यह भी मिली है कि उग्यांव क्षेत्र को पशु तस्करी का मुख्य केन्द्र माना जा रहा है, जहां से छतरंग बायपास मार्ग होते हुए मध्यप्रदेश की सीमा तक अवैध परिवहन लंबे समय से संचालित हो रहा है। पार्क के आरओ/आर एस टुंडे ने भी वाहन के उग्यांव क्षेत्र में लगातार देखे जाने की पुष्टि की है। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सोनहत द्वारा संबंधित गांवों में दबिश दी जा रही है और पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हादसा मात्र दुर्घटना है या इसके पीछे कोई संगठित अवैध गतिविधि जुड़ी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



थाने में जब्त वाहन।

# चावल तिहार बना सुशासन का प्रतीक



**मनेन्द्रगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय प्रशासन और सतर्कता समितियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

- **शासन की योजनाओं के प्रति सकारात्मक माहौल**

नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित नरेन्द्र स्वामी महिला बचत समूह की राशन दुकान में चावल तिहार का सफल और सुव्यवस्थित संचालन इसका उदाहरण है। यहां शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। राशन वितरण की निगरानी में स्थानीय सतर्कता समिति की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रही है। समिति में शामिल नीलू जायसवाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, भूपेन्द्र फुल्ण, सत्यनारायण अग्रवाल, सतीश उपाध्याय, अनुपमा निशी, शकुंतला जायसवाल, शेषनाथ गुप्ता, अशोक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अरूण ताम्रकार, बुरहानुद्दीन बोहरा, अनुराग जैन और परमानंद सिंह जैसे जिम्मेदार नागरिक सक्रिय रूप से व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं, इनके संयुक्त प्रयासों से यह सुनिश्चित हो रहा है कि राशन दुकान क्रमांक 531002014 से मिलने वाला अनाज सही मात्रा में और सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी ने इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया है। लोगों की सहभागिता से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि वितरण प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है, इससे हितग्राहियों में विश्वास बढ़ा है और शासन की योजनाओं के प्रति सकारात्मक माहौल बना है।

### ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान पर बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जिले में ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान को गति देने के लिए कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धार्मिक स्थलों, निजी संग्रहों, शैक्षणिक संस्थानों एवं पुस्तकालयों में संरक्षित पाण्डुलिपियों का सुनियोजित सर्वेक्षण कर उनका डेटा संकलित किया जाए। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान यह जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रमुखों के माध्यम से निभाई जाएगी।

# हिन्द विद्यालय में प्रवेशोत्सव: नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पहला दिन उत्साह, उमंग और खुशी के माहौल में प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया गया।

विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और रंग-बिरंगी सजावट से जीवंत नजर आया। नए सत्र के पहले दिन स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों और मिठाइयों के साथ स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्सुकता साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों में भी नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा के महत्व से अवगत कराया, जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति अपनापन और आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मन से स्कूल का डर दूर कर उन्हें एक सकारात्मक और आनंददायक वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे पूरे वर्ष उत्साहपूर्वक पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। प्राचार्य शशिभूषण राय ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण स्थान है।





उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमितता और मेहनत को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने कविता पाठ एवं छोटे-छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड में 25 स्वर्ण पदक

**मनेन्द्रगढ़।** ज्ञान और प्रतिभा के संगम स्थल, सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने एक बार पुनः अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन किया है।

हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 116 मेधावी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें से 25 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थियों में समर्थ द्विवेदी, अक्षिका केशरवानी, वंशिका साहू, शिवांश पंडित, आयांतिका सिंह, मोहम्मद नुमान, रिशान सर्राफ, जयराज सर्राफ, पूर्विका गुप्ता, आरव, रिधम अग्रवाल, अरनव सेन, काश्वी अग्रवाल, आराध्या यादव, रेयांश पोद्दार, अर्पित पटेल, श्रव्या साहू, कवित्त गुप्ता, कनिष्का सर्राफ, अंतरा थावरानी, आरना अग्रवाल, मोहम्मद अब्दुल्ला, शानवी, कृष्णा गुप्ता एवं अर्चित दुजानिया शामिल रहे।



# शराब के नशे में पढ़ाने पहुंचे शिक्षक की मेडिकल जांच में हुई पुष्टि

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां प्राथमिक शाला में पदस्थ दो शिक्षक शराब के नशे में पाए गए। मामले की जांच के बाद प्रशासन ने विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है, जिसके आधार पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर के मौखिक निर्देश पर 7 अप्रैल को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के तहसील केल्हारी अंतर्गत प्राथमिक शाला में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक पारसराम वर्मा एवं सहायक शिक्षक महेलाल सिंह संदिग्ध अवस्था में पाए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों शिक्षकों के व्यवहार में असामान्यता देखी गई, जिसके बाद मौके पर पंचनामा तैयार किया गया तथा दोनों के बयान दर्ज किए गए। पूछताछ में दोनों शिक्षकों ने शराब सेवन करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि वे नियमित रूप से सुबह एवं शाम शराब का सेवन करते हैं।

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

# आंबा कार्यकर्ता के अपहरण की खबर से हरकत में आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के चेर में मंगलवार को दोपहर के समय दिनदहाडे कार सवार युवकों ने ड्यूटी से लौट रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कथित तौर पर अपहरण कर कार में बैठाकर बिलासपुर की ओर ले गए।

- **जांच में जुटी कोरिया समेत आसपास के जिलों की पुलिस**

इस घटना की जानकारी कोरिया पुलिस को महिला के पति द्वारा दिए जाने पर पुलिस की टीम हरकत में आई और सघन प्रारंभिक जांच पड़ताल में जुट गई है। शुरुआती दौर में पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह अपहरण जैसी कोई बात नहीं बल्कि इस घटना के पीछे अन्य कारण हो सकते हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 8 चेर निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा प्रजापति पति अशोक प्रजापति उम्र 40 वर्ष मंगलवार को अपने केन्द्र में ड्यूटी पूरा करने के उपरांत अपने घर दोपहर के समय आंगनबाड़ी केन्द्र से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक कार आकर रूकी और महिला को अपनी कार में बैठाकर भाग निकले। घटना की जानकारी महिला के पति को मिलने पर तत्काल मामले की शिकायत सिटी कोतवाली को दी।



### खोजबीन जारी है

हमारी शुरुआती जांच कार्रवाई में यह बात सामने आई है कि महिला बिरेन्द्र बसोर नामक व्यक्ति के साथ है, इसके खोजबीन के लिए पूरी टीम जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में कार से महिला को चोटिया की तरफ ले जाया गया है। एफआईआर की कार्रवाई जारी है। हम सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच पड़ताल कर रहे हैं, शीघ्र पूरे मामले का खुलासा करेंगे।

-राजेश तिवारी, प्रभारी सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### प्रधानपाठकों की वरियता सूची जारी करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** प्रधानपाठक पदोन्नति को लटकाए जाने से नाराज छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन ने संभागीय शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में सहायक संचालक को ज्ञापन सौंपकर 10 अप्रैल तक वरीयता सूची जारी किए जाने का अल्टीमेटम दिया है। निर्धारित समय तक त्रुटि रहित वरीयता सूची का प्रकाशन नहीं होने पर 13 अप्रैल को संभागीय शिक्षा कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। फेडरेशन के जिला सचिव शशिभूषण दुबे ने बताया कि सरगुजा संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति का मामला अधिकारियों की उदासीनता के कारण लंबे समय से लटका हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि शिक्षकों को परेशान किए जाने की नियत से जानबूझकर मामले को लटकाकर पदोन्नति प्रक्रिया को लंबा खींचा जा रहा है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि 10 अप्रैल तक वरीयता सूची जारी नहीं की गई तो 13 अप्रैल को फेडरेशन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में कार्यालय का घेराव करेगा।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में 7 अप्रैल मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, अस्पताल स्टॉफ, मरीजों समेत परिजनों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीता लाल ने स्वास्थ्य के महत्व,स्वच्छता,संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं पोषण पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन-सुखी जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा,अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। आयोजन में एएमओ डॉक्टर यूएस बैठा, डॉक्टर श्रीता लाल, डॉ वीर भरत सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक स्टॉफ उपस्थित रहे।

### उचित मूल्य दुकानों में किया जा रहा चावल उत्सव आयोजन



**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, वितरण व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाना तथा हितग्राहियों के बीच शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राशन सामग्री का वितरण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निगरानी प्रक्रिया में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है, ताकि वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर उसका अधिकार मिल सके।

### अटल सेवा सदन में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**भैयाथान।** अटल सेवा सदन में भारतीय जनता पार्टी मंडल भैयाथान द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बन चुकी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत को जाता है। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने पार्टी की रीति-नीति, अनुशासन और संगठनात्मक ढांचे की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित के कार्यों में आगे रहने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया तथा कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरित कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क के दोनों ओर नाली नहीं बनने से ग्रामीणों में आक्रोश

# ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से निर्मित नाली को पाटकर बना दी सीसी सड़क



विरोध करते ग्रामीण।



नाली पाटकर सड़क मरम्मत करते मिस्त्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

ग्राम पंचायत सेदम में ठेकेदार की मनमानी से न सिर्फ ग्रामीण परेशान है बल्कि पूर्व में सड़क किनारे किए गए नाली निर्माण का पाट सीसी सड़क बनाने से काफी आक्रोशित है। ग्राम पंचायत में प्रधान मंत्री ग्राम गौरव पथ के तहत सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है लेकिन सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण नहीं किए जाने से ग्रामीण चिंतित है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी सड़क के साथ नाली निर्माण नहीं किया जा रहा है और जो नाली पूर्व में बनाए गए थे उसे भी पाट दिया जा रहा है। ऐसे में पानी निकासी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है।

**खास बात**

- प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत कर रहे सीसी सड़क निर्माण

ग्राम पंचायत सेदम में प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 20 लाख की लागत से 200 मीटर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जब से सीसी सड़क का निर्माण शुरू हुआ है तब से अब तक घटिया निर्माण सहित नाली निर्माण नहीं करने मनमानी का आरोप ग्रामीण लगा रहे है। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से साइड शोल्डर को मजबूत करने मटेरियल घटिया मटेरियल डाला जा रहा है जहां ग्राम पंचायत सेदम द्वारा 3 लाख 75 हजार की लागत से पूर्व में बनाए गए नाली को ही पाट दिया है। कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों ने गुणवत्तापुर्ण निर्माण को लेकर नाराजगी जताई तो ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया था लेकिन अब फिर से निर्माण शुरू हो गया है और गुणवत्ता में किसी प्रकार की सुधार नहीं आया जिसे देख ग्रामीणों ने विरोध जता निर्माण को बंद करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव के लोगों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घरों से निकलने वाले पानी का निकासी साधन ही बंद हो गया साथ ही नाली के अभाव में सड़क का पानी घर में घुसने का जुगाड़ ठेकेदार ने बना दिया गया है। ग्रामीण ठेकेदार सहित प्रशासन से नाली बनाने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

#### 20 लाख की स्वीकृति लेकिन नाली का नहीं कोई प्रावधान

प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 20 लाख की स्वीकृति 200 मीटर के सीसी सड़क निर्माण में नाली निर्माण का कोई प्रावधान नहीं है। इधर सड़क के साथ नानी निर्माण नहीं होने की जानकारी लगने पर ग्रामीणों द्वारा नाली की मांग पर अड़े है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली के अभाव में बरसात का पानी सीधे घरों में घुसेगा जिससे जीवन यापन करना मुश्किल हो जाएगा। रिहायशी इलाकों में बन रहे इस सड़क निर्माण नाली बनने का दूर दूर तक कोई प्रावधान गौरव पथ सड़क निर्माण में नहीं है। ऐसे में सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने से गांव के लोग चिंतित है।

#### सड़क से नीचे दरवाजा

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे नाली का पाट कर सड़क निर्माण करने से अब सड़क दरवाजे से ऊंचा हो गया है। ऐसे में बारिश होते ही सड़क किनारे पानी निकासी का कोई साधन नहीं होने से सड़क का पानी सीधे घरों में घुस जाएगा। इसके अलावा घरों से निकलने वाले पानी का भी सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई। नाली होने से घरों का पानी नाल में चला जाता था लेकिन अब पानी निकासी की सबसे बड़ी समस्या हो गई है।

#### की जाएगी कार्रवाई

सड़क किनारे पानी निकासी के लिए बनाए गए नाली को पाटना गलत है। नाली को छोड़ कर सड़क निर्माण करना था। इस संबंध में जांच कराई जाएगी और आगे की कार्रवाई होगी।

-लक्ष्मी नारायण सिदार
सीईओ बतौली

#### कराई जाएगी जांच

सीसी सड़क निर्माण के दौरान नाली को पाट कर सड़क निर्माण कर रहे है तो जांच कराएंगे। संबिधित विभाग को जांच के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-राम सिंह ठाकुर
एसडीएम सीतापुर




## सीएचसी बिश्रामपुर का राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचसी बिश्रामपुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है,इस उपलब्धि से स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है,इसके साथ ही पीएचसी करंजी और 12 उप स्वास्थ्य केंद्रों, एसएचसी ने भी गुणवत्ता मूल्यांकन में सफलता अर्जित की है।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन के निर्देश,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन,जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव एवं जिला नोडल (एनक्वास) शुभम श्रीवास्तव के सहयोग तथा बीएमओ डॉ अमित भगत के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार प्रयास किए। 23 से 24 फरवरी तक राष्ट्रीय टीम के डॉ सुधीर डहरिया एवं डॉ सुनीत श्रीवास्तव द्वारा दो दिवसीय मूल्यांकन किया गया,इस दौरान एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी सेवाएं, ओपीडी, आईपीडी, लैब जांच, संस्थागत प्रसव कक्ष, एनबीएसयू, फार्मेसी, ऑक्सीलरी सर्विस एवं सामान्य प्रशासन सहित विभिन्न मानकों पर जांच की गई। साफ-सफाई, प्रोटोकॉल पालन, रिकॉर्ड संधारण, रिपोर्टिंग तथा स्टाफ एवं मरीजों के इंटरव्यू के आधार पर मूल्यांकन किया गया,घोषित परिणाम में सीएचसी बिश्रामपुर ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

बीएमओ डॉ अमित भगत ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला स्तरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सभी स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पित प्रयासों को देते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि में डीपीएम संदीप नामदेव, जिला नोडल शुभम श्रीवास्तव, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ सुषमा सिंह, डॉ निहाल सिंह, डॉ रेखा केशरवानी, डॉ आकृति दुबे, डीआर पैकरा, मीना सोनी, बेंजिमिन तिर्की, मीनू राय,संतु कर,अमरेश पैकरा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## छग टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**अंबिकापुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन की जिलास्तरीय बैठक 7 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर बतौली में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विकासखंडों में संगठन की सक्रियता की समीक्षा करने के साथ ही जारी वरिष्ठता सूची में विद्यमान विसंगतियों, दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा, विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही 12 अप्रैल को दुर्ग में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की आमसभा में सहभागिता पर चर्चा की गई। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना को आधार मानते हुए पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से सीजीपीएफ पासबुक के नियमित संधारण हेतु आवश्यक प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सुशील मिश्रा, रामबिहारी गुप्ता, राजेश गुप्ता, लव गुप्ता, काजेश घोष, बलराम भगत, नंदकेश्वर प्रधान, दीपलेश्वर पैंकरा सहित अनेक साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सीतापुर निवासी शिक्षक डिलेश्वर पैंकरा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने दुर्ग आमसभा में सहभागिता के लिए साथियों के आवागमन हेतु अपनी ओर से 50-सीटर बस उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## कोरोना से मुकाबला : मात्र उपचार नहीं, एक शोध पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा सेवा, समर्पण और शोध आधारित उपचार पर आधारित पुस्तक कोरोना से मुकाबलाः मात्र उपचार नहीं, एक शोध का विमोचन किया गया। यह पुस्तक जीवन ज्योति हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह द्वारा लिखी गई है, जिसमें कोरोना काल के संघर्ष, अनुभव और चिकित्सा प्रयासों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि यह पुस्तक कोई सामान्य कथा नहीं, बल्कि एक चिकित्सक के मानवीय संवेदनाओं, अथक परिश्रम और जीवन रक्षा के दृढ़ संकल्प की सच्ची गाथा है। कोरोना काल में जब पूरी दुनिया इस महामारी के सामने असहाय नजर आ रही थी, तब सरगुजा क्षेत्र में भी भय का माहौल था। ऐसे कठिन समय में जीवन ज्योति हॉस्पिटल ने अग्रिम तैयारी और दृढ़ नेतृत्व के साथ मरीजों की सेवा का जिम्मा उठाया। पुस्तक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेके सिंह के कार्यों, उनके शोधपरक दृष्टिकोण और मरीजों के प्रति समर्पण को प्रमुखता से दर्शाया गया है। कोरोना काल में उनकी प्रतिबद्धता और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता ने लोगों का विश्वास और भी मजबूत किया। इस दौरान उनके पुत्र डॉ. आकाश सिंह ने पैथोलॉजी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं पुत्रवधू डॉ. स्नेहा सिंह ने भी चिकित्सा कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया। संपूर्ण हॉस्पिटल स्टाफ, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मचारी, पैथोलॉजी टीम और अन्य सहयोगी शामिल रहे, ने टीमवर्क के साथ इस चुनौती का सामना किया। पुस्तक में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव, रामविचार नेताम सहित कई जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के संदेश भी शामिल हैं। श्रीमती संध्या सिंह ने यह पुस्तक डॉ. जेके सिंह को उनके 69 वें जन्मदिवस के अवसर पर समर्पित करते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की है। जीवन ज्योति अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. जेके सिंह ने कोरोना के समय अपने अनुभव को साझा किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. विजय पंजवानी, नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, बबन पांडे सहित अन्य मौजूद थे।




### महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों को कराया गया बाल संप्रेक्षण गृह व वृद्धाश्रम का भ्रमण

**अम्बिकापुर।** मदनपुर सिलफिली स्थिति पार्वती इस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ समेस्टर के प्रशिक्षार्थियों को बाल संप्रेक्षण गृह व वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षार्थियों द्वारा मनोविज्ञानी अंतर्गत व्यक्ति अध्ययन किया गया। प्रशिक्षार्थियों ने अपराध के पीछे छिपे कारणों को जानने तथा उसके समाधान हेतु एक रिपोर्ट तैयार किया साथ ही प्रशिक्षार्थियों ने वृद्धजनों से मिलकर बातचीत किया और नृत्य, संगीत प्रस्तुत कर उनका मनोरंजन किया तथा उन्हें अपनेपन का एहसास दिलाया। कार्यक्रम में संस्था के सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती जयमाला सिंह, अरूण दुबे, श्रीमती सुनीता राज सहित बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



शासकीय कालिदास महाविद्यालय में व्याप्त जर्जर भवन, टूटी बाउंड्रीवाल, खराब शौचालय एवं पेयजल की समस्या को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया कि विकासखंड प्रतापपुर का एकमात्र शासकीय कालिदास महाविद्यालय लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा है। महाविद्यालय भवन जर्जर हो चुका है और कई जगह भवन क्षतिग्रस्त है। ऐसे में छात्रों को पढ़ाई के दौरान असुविधा होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। महाविद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल भी कई जगहों से टूटी हुई है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। इससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा महाविद्यालय स्थित शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। जहां नियमित साफ-सफाई नहीं होने से छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए एनएसयूआई ने पेयजल की समुचित व्यवस्था की मांग भी उठाई है। छात्रों का कहना है कि महाविद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें बाहर से पानी लाना पड़ता है, जो गर्मी में बड़ी समस्या बन जाती है। एनएसयूआई ने महाविद्यालय की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार चौधरी, जिला महासचिव तनवीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान, अंजली आयम, राजा हसन, कमलेश रवि, नीता बघेल, दीपक, गोलू राजवाड़े, राहुल सिंह, बिट्टू कुमार, रितेश लकड़ा, राजन काशी, अभय सिंह, प्रकाश पैकरा, आयान,अमानत अंसारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने झुग्गी झोपड़ी में जाकर मनाया स्थापना दिवस



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिला सरगुजा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ बड़े स्तर पर झुग्गी बस्तियों के बीच जाकर स्थापना दिवस मनाया गया। शहर के झुग्गी बस्ती बाहुल्य क्षेत्र मंगल पांडेय वार्ड रखा गया था मुख्य अतिथि के रूप नपा सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, आकाश गुप्ता, रविंद्र गुप्त भारती, दीपक गर्ग, संतोष दास, पार्षद श्रीमती अनिता रविंद्र गुप्त भारती, पार्षद श्रीमती किरण दीपक तोमर, दीपक तोमर,महिला मोर्चा नगर भाजपा अध्यक्ष सालनि सिंह, श्रीमती ललनी पांडेय, बृज किशोर सोनी एवं भारत भूषण तिवारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस को मनाया एवं अतिथियों ने सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के मुख्य विषयों को रखा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही झुकी झोपड़िया में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज भी अतिथियों द्वारा लगाया गया। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला के संयोजक रविंद्र गुप्त भारती ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस जीवन अंतिम पंक्तियों में खड़ा व्यक्ति झुग्गी बस्तियों में निवास करता है। इस वजह से उनके बीच जाकर उनके सुख दुख जाना था और उन के बीच स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान आनंद गुप्ता, निर्भय सिंह, कृष्ण ठाकुर, प्रमोद दुबे, प्रभु विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

### भाजपा का स्थापना दिवस और सेवा सप्ताह में हो रहे विविध कार्यक्रम

**सूरजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिले में जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। आयोजन प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के मार्गदर्शन, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज के निर्देशानुसार एवं जिला भाजपा संगठन प्रभारी शिवनाथ यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के निगरानी में संपन्न हो रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस के साथ हुई। इस अवसर पर जिले के सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराया। कार्यकर्ताओं ने सरल ऐप पर अपनी फोटो अपलोड की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस मनाया। 7 से 14 अप्रैल तक जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में सेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए संपर्क अभियान के माध्यम से छात्रों और युवाओं से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं से संवाद करने के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहियों को 'हितग्राही अभिनंदन पत्र' प्रदान किए जाएंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के विशेष अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समरसता भोज आयोजित कर सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा।



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगापाल पत्नी मनोज पाल व अन्य निवासी भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 135/5 रकबा 0.870 हे. मेसे रकबा 0.250 हे.भूमि को अनावेदक अमित कुमार पाण्डेय आ.रामकुशल पाण्डेय निवासी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 30,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22.04.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कलादास पड़वार पिता बिरजु दास पड़वार निवासी हाउस नम्बर 46 डीसी रोड जनपद पारा अम्बिकापुर थाना व तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं पुराना नाम के डी पड़वार पिता बिरजु दास पड़वार अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम कलादास पड़वार पिता बिरजु दास पड़वार रख लिया हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम कलादास पड़वार पिता बिरजु दास पड़वार से जाना एवं पहचाना जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
कलादास पड़वार
आ. बिरजु दास पड़वार
निवासी-हाउस नम्बर 46 डीसी रोड जनपद पारा अम्बिकापुर थाना व तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### समस्याओं को लेकर प्रबंध निदेशक से मिले विद्युत कर्मचारी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया तथा कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, आरएम गिरी, आरपी पटेल, सचिन देव टोप्पो, विनोद कुशवाहा, सुबोध तिर्की, अजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

### लेखापाल एस के पंकज ने की संयुक्त संवेदना योजना की सराहना

**ओड़गी।** जिले में संचालित संयुक्त संवेदना योजना से प्रभावित हो विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ लेखापाल एस के पंकज ने संयुक्त संवेदना समिति को पांच - पांच सौ रुपये की आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने दिवंगत शिक्षक परिवार को सहयोग करने के लिए किए जा रहे कार्य के लिए समिति की सराहना की। विकास खण्ड ओड़गी के संचालक मो.महमूद व प्रमोद पाठक ने बताया कि समिति के जिला संचालक व प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने शिक्षकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए वर्ष 2020-21 में योजना की नींव रखी थी। प्रारंभ में सीमित शिक्षक ही जुड़े थे लेकिन पारदर्शिता व सहयोग की भावना से प्रेरित हो धीरे धीरे कारवां बढ़ता गया। आज लगभग तीन हजार शिक्षक इस योजना में सहभागिता निभा रहे हैं। योजनांतर्गत पांच सौ रुपये की वार्षिक सदस्यता राशि जमा कर कोई भी शिक्षक सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्यता की अवधि अप्रैल से मार्च तक होती है। हर वर्ष प्रत्येक सदस्यों को सदस्यता राशि जमा करनी होती है, निर्धारित समयावधि में सदस्यता राशि जमा नहीं करने पर सदस्यता शून्य हो जाती है। सदस्यता ग्रहण किए किसी भी शिक्षक सदस्य के दिवंगत होने पर उनके परिवार को समिति की ओर से एक लाख रुपये की सहायता स्वरूप संवेदना राशि प्रदान की जाती है। अभी तक समिति की ओर से 28 दिवंगत शिक्षक के परिवार को 28 लाख की संवेदना राशि प्रदान की जा चुकी है।

### चिकित्सक के सूने आवास में चोरों की दबिश, 40 हजार नगदी लेकर हुए फरार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में चोरी की एक नई घटना सामने आई है,केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ शुभांगी वर्मा के सूने आवास का ताला तोड़कर भीतर घुसे अज्ञात चोरों ने सामान खंगाल कर करीब 40 हजार रुपये नगद पार कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना 6 अप्रैल की मध्यरात्रि की बताई गई है,डॉ शुभांगी वर्मा टूए कॉलोनी स्थित अपने आवास क्वार्टर नंबर टूए 39 में अकेली रहती हैं,उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की शाम 7 बजे से 7 अप्रैल की सुबह 7 बजे तक उनकी अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी थी,ड्यूटी पर जाने से पहले उन्होंने अपने आवास को लॉक कर दिया था। सुबह ड्यूटी से लौटने पर उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है,इसके बाद उन्होंने तत्काल पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी और बिश्रामपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात चोरों ने घर के भीतर रखे पर्स और सूटकेस के भीतर रखे करीब 40 हजार रुपये नगदी राशी लेकर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## पेज 1 के शेष...

### दम्पती का रास्ता रोककर...

को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने निर्मला दास को रायपुर और कपिल दास को अंबिकापुर रिफर किया था लेकिन निर्मला दास की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इसके साथ ही कपिल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बेहोश कपिल दास को सुबह 10 बजे होश आया जिसके बाद उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दम्पति पर हमला करने वाले कौन लोग थे और उन्होंने किस उद्देश्य से घटना की।

### सईसीएल आमगांव खदान के सबएरिया...

करा देगी। बताया गया कि सरपंच मंगलवार को अपने समर्थक पिंटू प्रजापति, विंदेश्वर सिंह, कविंदर सिंह सहित तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों को लेकर सड़क निर्माण स्थल पहुंच विरोध शुरू कर दिया और फिर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बताया गया कि घटना के बाद महाप्रबंधक संजय सिंह की अगुवाई में अधिकारियों ने कलेक्टर सूरजपुर और एसपी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी देते हुए खदान संचालन के लिए सुरक्षा की मांग की है। प्रबंधन ने दर्जन भर ग्रामीणों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के लिए एसपी को आवेदन सौंपा है।

### फरार आरोपी की नहीं हुई...

के प्रति अपराधों को बढ़ा दिया है और प्रदेश की सरकार इसपर काबू पाने में असफल साबित हुई है। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिलि श्रीवास ने कहा कि उन्होंने मृत महिला का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक का जो बयान आया है, वो दिल दहलाने वाला है। अम्बिकापुर की घटना दिल्ली के निर्भया कांड के समतुल्य है। इस मामले में पुलिस का अबतक खाली हाथ होना बतलाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार मंत्री अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि पुलिस इस अपराधी को साइको बोलती है और ये साइको समाज के बीच भटक रहा है, ऐसे में यह अपराधी और भी घटनाओं को अंजाम दे सकता है। जंगल कटवाने में भारी पुलिस बल लगाने वाली भाजपा सरकार समाज मे भटक रहे एक साइको के लिए यदि पुलिस बल नहीं लगा सकती तो इससे भाजपा सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट होती है। इस दौरान राकेश गुप्ता, पूर्व पार्षद रामविनय सिंह, जेपी श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह धंजल, मधु सिंह, सीमा सोनी, नुजहत फातिमा, आतिफ रजा सहित अन्य मौजूद थे।

## एकमात्र स्वास्थ्य कर्मी की ड्यूटी टीकाकरण में

# उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में एक पखवाड़े से लटक रहा ताला, बैरंग लौट रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बातें**

- वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में नहीं हो रहा उपचार
- विभाग कर रहा कर्मचारियों की भर्ती होने का इंतजार

विकासखंड ओड़गी अंतर्गत चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम महुली स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले एक पखवाड़े से ताला लटका है। क्षेत्रवासी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर वरिष्ठ अधिकारियों से कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं लेकिन अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का हवाला देकर मामले को टाल रहे है।

शासन-प्रशासन स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर संचालन का दावा कर रहा है दूसरी तरफ दूरस्थ क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य अमले की कमी होने के कारण जैसे-तैसे संचालित हो रहे हैं कहीं स्वास्थ्य सुविधाओं एवं संसाधनों की कमी बड़ी समस्या बनी हुई है तो कहीं कर्मचारियों की कमी होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटक रहा है। वर्ष



बंद उप स्वास्थ्य केन्द्र।

2018 में ग्राम पंचायत कोल्हुआ में व्यापक स्तर पर मलेरिया का प्रकोप होने एवं गंभीर रूप से बीमार 21 लोगों की मौत होने पर विभाग द्वारा आनन-फानन में ग्राम पंचायत महुली में उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया था। तब स्वास्थ्य अधिकारियों ने आवश्यकता को देखते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करने का भी आश्वासन दिया था। स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करने की बात तो दूर विभाग दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र के अस्पताल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता तक को पदस्थ नहीं कर पा रहा है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ आरएचओ शैलेन्द्र अग्रहरि की 19 फरवरी को मौत होने के बाद से ही अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एकमात्र महिला कार्यकर्ता को टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो विभिन्न गांवों में भ्रमण कर टीकाकरण कर रही है। राज्य स्तर पर संलग्नीकरण समाप्त करने के उपरांत एक अन्य कार्यकर्ता द्वारा अपने मूल पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से बंद हो गया है। एक पखवाड़े का समय गुजरने के बावजूद विभाग स्वास्थ्य केंद्र संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका है। स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी दूर करने के लिए नई नियुक्ति होने का इंतजार कर रहें हैं।

### सभी जगह कर्मचारियों की कमी

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने शासन द्वारा बिहारपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 8 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्र लम्बे समय से स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवाडीह, बिहारपुर, ठाड़पाथर, पासल, खैरा, मोहरसोप, उमझर एवं महुली में शासन द्वारा लम्बे समय से उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। इनमें से बिहारपुर, ठाड़पाथर, उमझर, खैरा एवं महुली में एक-एक स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थ किया गया है जबकि शेष तीन में 2-2 कर्मचारी पदस्थ किए गए है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में एक मात्र कर्मचारी है वहां मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एकमात्र कर्मचारी को क्षेत्र के गांवों में टीकाकरण करने के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र को भी चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोई भी कर्मचारी एक साथ दो स्थानों पर काम नहीं कर सकता न ही टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ही छोड़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र का नियमित संचालन नहीं हो रहा है।

**नहीं आना चाहते कर्मचारी**

अधिकारियों का कहना है कि दूरस्थ पहाड़ी इलाका होने एवं बिजली-पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की कमी होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी शहरी क्षेत्र को छोड़कर नहीं जाना चाहते। विभाग ने अब संलग्नीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। पूर्व में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा कई स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थ किया गया लेकिन कर्मचारी ज्वाइनिंग देने भी नहीं पहुंचे। स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए निकट भविष्य में उप स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त कर्मचारी पदस्थापना होने की संभावना नहीं है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य केंद्र का ताला खुलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

**जल्द की जाएगी पदस्थापना**

स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की कमी है विकासखण्ड ओड़गी के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पद की तुलना में 40 फीसदी कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। राज्य स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति होते ही उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में कर्मचारी की पदस्थापना की जाएगी।

-डॉ.केडी पैकरा, सीएमएचओ, सूरजपुर



# गर्दनपाट धाम और लुचकी घाट काली मंदिर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत गर्दनपाट स्थित देव धाम के जीर्णोद्धार एवं लुचकी घाट स्थित काली मंदिर परिसर में मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया तथा जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मैंने चुनाव प्रचार की शुरुआत गर्दनपाट देव के दर्शन कर की थी।

अब जीर्णोद्धार के साथ भविष्य में अनेक निर्माण कार्य किए जाएंगे। यह विकास पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उपेक्षा की। भाजपा की विष्णुदेव सरकार वादा निभाती है तथा जो घोषणा नहीं की वह भी पूरा करती है। लुचकी घाट काली मंदिर क्षेत्र में कई मंदिरों का जीर्णोद्धार होगा, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने 0.676 हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पट्टा का दस्तावेज काली मंदिर समिति को सौंपा। जिला अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कविता पाठ किया तथा कहा कि गर्दनपाट देव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। कांग्रेस नेताओं के विरोधी इच्छाशक्ति ने विकास को लंबे समय तक ठप रखा था। पूर्व विधायकों व मंत्रियों की धार्मिक एवं सामाजिक विकास में उदासीनता के कारण प्रगति अवरूद्ध रही। लुचकी घाट पहले खतरनाक था, अब यहां निरंतर विकास हो रहा है। काली मंदिर परिसर में भव्य निर्माण होंगे। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्थान का प्रतीक है। इन प्रयासों से न केवल आस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान रूपेश दुबे, अविनाश मंडल, रामकेश्वर राजवाड़े, जगन्नाथ राजवाड़े, कृष्णा कोरवा, संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी खुद उसी मार्ग से नहीं लौटे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज–राजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य की जमीनी हकीकत उस समय सामने आ गई, जब स्वयं विभागीय अधिकारी उसी सड़क से वापस नहीं लौट पाए, जिसका निर्माण उनकी निगरानी में किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के तहत राजपुर से रामानुजगंज के बीच करोड़ों रुपये की लागत से टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण का निरीक्षण करने के लिए अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, ठेकेदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया गया,



लेकिन निर्माण कार्य में लापरवाही की झलक एक बार फिर सामने आई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में लगातार अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब स्थिति में है कि उस पर सामान्य मोटर वाहन का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। जबकि नियमों के अनुसार निर्माणाधीन सड़क को भी इस स्थिति में रखा जाना चाहिए कि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। हैरानी की बात यह है कि निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी खुद उसी मार्ग से वापस नहीं जा सके। उन्हें वैकल्पिक रास्ते से होते हुए वाड्रफनगर होकर लौटना पड़ा। यह स्थिति अपने आप में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। यदि अधिकारी उसी मार्ग से वापस लौटते तो शायद उन्हें लोगों की वास्तविक समस्याओं और परेशानियों का अधिक बेहतर अंदाजा होता।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे रोजाना इसी खराब सड़क से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इस पूरे मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिस सड़क का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों के अनुसार होना चाहिए, उसकी स्थिति इतनी खराब है कि अधिकारी स्वयं उस पर चलने से बच रहे हैं। ऐसे में अब लापरवाही पर क्या होता है यह तो समय पर निर्भर है।

### एलाइंस एयर ने कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में किया बदलाव

**अम्बिकापुर।** एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया है। पूर्व में जारी शेड्यूल के अनुसार गुरूवार को कोलकाता की फ्लाइट पहले अम्बिकापुर पहुंचती थी फिर बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होती थी वहीं शनिवार को फ्लाइट अम्बिकापुर से बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए उड़ान भरती थी। हाल में जारी शेड्यूल के अनुसार गुरूवार को फ्लाइट बिलासपुर होते हुए अम्बिकापुर से जबकि शनिवार को अम्बिकापुर से बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होगी। सोमवार को परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण अम्बिकापुर-दिल्ली की फ्लाइट निरस्त रही। इस दौरान 35 यात्री फ्लाइट पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। फ्लाइट निरस्त होने की सूचना पर यात्रियों को वापस घर लौटना पड़ा। मां महामाया एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि एलाइंस एयर ने चालू सप्ताह के लिए कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया है।



# चैत्र नवरात्रि में व्यवसायी कर रहे श्रद्धालुओं की 16 वर्षों से सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

धार्मिक आस्था और मानव सेवा का अद्भुत संगम कुदरगढ़ धाम में देखने को मिला जहां एक व्यवसायी वर्षों से निरंतर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं।

कपड़ा व्यवसायी विनोद कुमार गुप्ता ने देवी की प्रेरणा से चैत्र नवरात्रि में धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पिछले 16 वर्षों से अनवरत शीतल जल एवं गुड़ उपलब्ध करा रहे है। अपने आध्यात्मिक अनुभव के बाद उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है। चैत्र नवरात्रि पर उन्होंने कुदरगढ़ धाम में 15 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया तथा छत्तीसगढ़ कलवार जायसवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के लिए धर्मशाला एवं दोनों समय निःशुल्क भोजन की व्यवस्था संचालित की। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है। श्री गुप्ता द्वारा न केवल धर्मशाला की स्थापना की गई, बल्कि व्यवस्थाओं को भी स्वयं के देखरेख में संचालित किया जा रहा है। शिविर में सुबह चाय, निःशुल्क दवाएं, मरहम-पट्टी, थके यात्रियों के लिए मालिश की निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है।

# कालाबाजारी रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968, नियम 1971, बीज नियंत्रण आदेश 1983, संशोधन आदेश 2014 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कृषि गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री रासायनिक उर्वरक, जैव उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज आदि समय पर उपलब्ध हो सके तथा समय-समय में आदान सामग्रियों की कालाबाजारी रोकने एवं विक्रय स्थलों (सहकारी/निजी) का निरीक्षण करने हेतु जिला स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

उपसंचालक कृषि द्वारा जारी आदेशानुसार सहायक संचालक कृषि कुंवर साय पैकरा नोडल अधिकारी होंगे। वहीं अनविभागीय कृषि अधिकारी अम्बिकापुर अम्ब्रोस टोप्पो, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीतापुर श्रीमती अनिता एक्का सहायक नोडल अधिकारी होंगी। इसी प्रकार कार्यालय उप संचालक कृषि अम्बिकापुर के कृषि विकास अधिकारी कृपा शंकर यादव एवं अजय बड़ा बीज, उर्वरक, एवं कीटनाशक निरीक्षक होंगे। कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अम्बिकापुर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं एटीएम विनोद पैकरा सदस्य होंगे। साथ ही निरीक्षण दल में कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी अम्बिकापुर के वाहन चालक धनबोध कुजुर एवं भृत्य जीवन चन्द्र बड़ा की ड्यूटी लगाई गई।

# एनएच 343 की बदहाल हालत को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**झींगो।** एनएच 343के निर्माण के कारण उड़ रहे धूल से लोगों को मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जफर खान ने कलेक्टर के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के



जिला अध्यक्ष जफर खान ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि एनएच 343 में उड़ रहे धूल की समस्या काफी बढ़ गई है। राजपुर से झींगों मार्ग में धूल के गुबार उड़ने से राहगीर परेशान है। बावजूद इसके मार्ग में पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से बच्चे और वृद्ध बीमार पड़ रहे है। इस रास्ते कई आबादी वाले क्षेत्र है जो रोज मर्रा के कार्य के लिए आवागमन करते है। धूल के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष खान जल्द ही इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नूर हसन अली,शंकर राम भगत, आदि द्विवेदी, आकिब अलम, सलमान, बछराज, गोलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### एक्सीडेंट के बाद शारीरिक रूप से दिव्यांग हुए युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** एक्सीडेंट के बाद कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं करने से परेशान युवक ने परिजन को बिना बताए ही शहर आ गया और बनारस रोड स्थित एक होटल के पीछे कीटनाशक पी लिया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम तुलसी खालपारा निवासी प्रेमचंद राजवाड़े आ. परमेश्वर राजवाड़े (24 वर्ष) का 2022 में कार से एक्सीडेंट हो गया था। दुर्घटना के बाद युवक के कमर के नीचे का काम करने से दिव्यांग हो गया। किसी प्रकार के काम नहीं कर पाने से युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया। 28 मार्च को जब परिजन काम पर गए थे तभी युवक ने पड़ोसी बच्चों को बुलाकर अपने ट्राई साइकिल में बैठा और अंबिकापुर आ गया। परिजन युवक के घर पर नहीं होने से कई बार फोन किया लेकिन युवक कोई जवाब नहीं दिया। इसी बीच युवक ने बनारस रोड स्थित एक होटल के पीछे कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में आसपास के लोगों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया तथा युवक के मोबाइल से परिजन को घटना की जानकारी दी। बीती रात युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन केसुपुर्द किया है।

### संदिग्ध परिस्थतियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत का मामला सामने आया है। महिला के पति ने उसके बेहोश होकर गिरने की बात कही है जबकि एमएलसी में मारपीट के निशान मिले है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है दरिमा सलका गौटिया पारा निवासी 48 वर्षीय हिन्दू कंवर केंवट आ. नंदू प्रसाद केंवट पति के साथ ईंट भट्ठा में काम करती थी। महिला के पति का कहना है कि काम करके पैदल घर लौटते समय महिला अचानक ही बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे देर रात दस बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया है लेकिन पुलिस को एमएलसी के दौरान महिला के शरीर पर चोट के निशान मिले है इससे मामला संदिग्ध हो गया है।




